# पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी

**स्रोत: पी.आई.बी.**

हाल ही में पर्यटन मंत्रालय ने लोकसभा में **पर्यटन मित्र/पर्यटन दीदी नामक एक राष्ट्रीय ज़िम्मेदार पर्यटन** पहल शुरू की है।

- **सितंबर 2024 में शुरू किये गए पर्यटन मित्र/पर्यटन दीदी का उद्देश्य स्थानीय हितधारकों को पर्यटक-अनुकूल राजदूत और कहानीकार** बनने के लिये प्रशिक्षण देकर बेहतर पर्यटक अनुभव प्रदान करना है।
    - महिलाओं और युवाओं को हेरिटेज वॉक, फूड टूर और प्रकृति ट्रेक जैसे नवीन पर्यटन उत्पाद बनाने के लिये प्रशिक्षण देने पर विशेष जोर दिया जाएगा।
    - यह पहल **पूरे भारत में 6 पर्यटन स्थलों -** ओरछा (मध्य प्रदेश), गांदीकोटा (आंध्र प्रदेश), बोधगया (बिहार), आइजोल (मिज़ोरम), जोधपुर (राजस्थान) और श्री विजया पुरम (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) में शुरू की गई थी।
    - स्थानीय अनुभवों को वैश्विक स्तर पर दिखाने के लिये डिजिटल साक्षरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए अब तक 3,000 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया है। **विश्व पर्यटन दिवस 2024** पर पर्यटन मंत्रालय ने देश के 50 पर्यटन स्थलों पर पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी का विस्तार किया।

**और पढ़ें:** **भारत की विविध पर्यटन पेशकशों का अनुभव**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/paryatan-mitra-and-paryatan-didi